## LOK SABHA

*Monday, November 17,* 1969/*Kartika* 26, 1891 (*SAKA*)

---

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock*

[MR. SPEAKER *in the chair*]

**श्री लखनलाल कपूर** (किशनगंज) अध्यक्ष महोदय, यह किस पार्टी की सरकार चल रही है ? (*Interruptions*)

SHRI KANWAR LAL GUPTA (Delhi Sadar) : This is a Government of defectors. This is a minority Government. It should resign.

### OBITUARY REFERENCE

MR. SPEAKER : I have to inform the House of the sad demise of five of our friends, namely Shri V. Y. Tamaskar, Mahant Digvijai Nath, Shri Subiman Ghose, Shri Sita Ram Asthana and Shri V. B. Gandhi. Shri V. Y. Tamaskar was a sitting Member of this House from Durg constituency of Madhya Pradesh. He had not been keeping good health for some time past and he passed away at Durg on the 7th September, 1969 at the age of 67.

Mahant Digvijai Nath was also a sitting Member of this House from Gorakhpur constituency of Uttar Pradesh. Since his election to this House in 1967 he had been taking a very active part in the proceedings of this House and the Committees and had been quite popular with all sides of the House. He was a man of strong conviction and views which he expressed on the floor of this House without any reservations. He was a great revolutionary of his times. He suddenly passed away at Gorakhpur on the 28th September, 1969, at the age of 74.

Shri Subiman Ghose was a Member of the Second Lok Sabha during the years 1957-1962. He passed away at Burdwan on the 21st October, 1969 at the age of 64.

Shri Sita Ram Asthana was a Member of the First Lok Sabha during the years 1952-1957. He passed away at Azamgarh on the 3rd November, 1960, at the age of 79.

Shri V. B. Gandhi was a Member of First Lok Sabha during the year 1952-1957 and Third Lok Sabha during the years 1962-1967. He was a good parliamentarian and took very active part in the proceedings of the House and the Committees. He was also Chairman of the Public Acoounts Committee during the years 1955-1957 and guided its deliberations with great competency. He passed away at Bombay on the 3rd November, 1969 at the of 73.

We deeply mourn the loss of these friends and I am sure the House will join me in conveying our condolences to the bereaved families.

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF FINANCE, MINISTER OF ATOMIC ENERGY AND MINISTER OF PLANNING (SHRIMATI INDIRA GANDHI) : Mr. Speaker, Sir, may I join you in paying homage to our departed colleagues.

As you have said, Shri V. Y. Tamsakar came to this House after a long record of work in local self-government and in the Legislature of the old Central Pravinces and later in Madhya Pradesh. We shall miss his wide experience in public affairs.

Mahant Digvijai Nath was highly respected for his services to education and to

[Shrimati Indira Gandhi]

religion. His name was associated with the non-co-operation movement of the Twenties, the Simon Commission Satyagraha and with the popular movement in Hyderabad. He was Mahant of the famous Gorakhnath Temple, and was also responsible for the establishment of the Gorakhpur University.

Shri Subiman Ghose was a prominent member of the Forward Bloc and later he joined the PSP.

Shri Sita Ram Asthana was a teacher and a devoted social worker who concerned himself particularly with the uplift of the depressed classes.

Shri V. B. Gandhi was elected to the First Lok Sabha and later to the Third Lok Sabha, after a distinguished career as an economist. He rendered most valuable services as chairman of the Public Accounts Committee and as a member of the Second Pay Commission.

Mr. Speaker, may I request you to convey the condolences of this House to the bereaved families ?

MR. SPEAKER : Now, Dr. Ram Subhag Singh.

DR. RAM SUBHAG SINGH *rose*—

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur) : How do you allow him to speak first ? His speech should not be recorded.

SHRI ISHAQ SAMBHALI (Amroha) : He is an Accident Minister.

**डा० राम सुभग सिह** (बक्सर) : अध्यक्ष महोदय, हमें बड़ा शोक है कि······

SHRI H. N. MUKERJEE (Calcutta North-East) On a point of order. Normally I would not rise on a point of order during a discussion on an obituary reference which we want solemnly to pass through. But the point is that in this House there is a convention that the Speaker recognises parties which function inside the House as well as outside the House. Up to now, we do not know of this existence of any party which is functioning inside the House and outside the House which is led by our old-time acquaintance, namely Dr. Ram Subhag Singh, who has suddenly sprung into newspaper prominence. I want to know if the Chair has considered this whole matter. Suddenly we come into this House and our seats are readjusted without any reference to to the House or to any of its committees, and is does seem rather inappropriate. I am sorry I have to put up this point of order.

SHRI S. M. BANERJEE : (Kanpur) I rise on a point of order...

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (बलरामपुर): अध्यक्ष महोदय, अगर इस तरह के प्वाइन्ट आफ़ आर्डर रेज़ करना था तो जब प्रधान मंत्री खड़ी हुई थीं, हम उस वक्त रेज़ कर सकते थे कि कांग्रेस पार्टी ने इन को निकाल दिया है, फिर भी वह प्रधान मंत्री बनी हुई हैं। लेकिन शोक की गम्भीरता को देख कर हम ने यह मामला नहीं उठाया। मैं आशा नहीं करता था कि मेरे वरिष्ठ सदस्य प्रोफेसर मुखर्जी ऐसे मामले को उठायेंगे। शोक प्रस्ताव के बाद वह ऐसे प्रस्ताव को उठा सकते थे।

MR. SPEAKER : I am very sorry...

SHRI M. L. SONDHI (New Delhi) : What about Rabat ?

MR. SPEAKER : I am very sorry. I think there would be a number of occasions when hon. Members can raise these points of order. On this occasion, I had allowed him. There is no question of calling anybody first on this. I can allow any Member to speak first on the obituary reference. This is no question of who is who. I can allow any Member. So, I do not see what this objection is. It is most inappropriate. I am really very sorry that the hon. Member has chosen this occassion to raise this point of order. After all, there should be certain occasions for this.

**डा० राम सुभग सिह** : अध्यक्ष महोदय, मेरे इन पांच अभिन्न मित्रों का, जिन्होंने इस लोकसभा के माध्यम से तथा अपने दलों के माध्यम से देश की अमूल्य सेवा की, देहावसान हो गया है। श्री तामस्कर मध्य प्रदेश के एक

ऐसे देशभक्त थे जिनकी शोहरत मध्य प्रदेश ही नहीं, दूसरे प्रदेशों में भी काफी दूर तक गई थी। महन्त दिग्विजय नाथ जी ने भी अपने दल के माध्यम से सम्पूर्ण भारत की सेवा की और शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने गोरखपुर यूनीवर्सिटी की स्थापना करा कर एक ऐसी सेवा की जो बराबर चिरस्थायी रहेगी। श्री सुबिमन घोष जी जो फार्वर्ड ब्लाक के वरिष्ठ नेता थे, उन्होंने भी देश के लिये बड़ा त्याग और बलिदान किया। श्री सीताराम अस्थाना साहब पूर्वी उत्तर प्रदेश की जो अपनी कठिनाइयां हैं, उन के लिये सर्वत्र प्रसिद्ध हैं। वह एक ऐसे कांग्रेसी कार्यकर्ता थे, जिनकी हर जगह प्रतिष्ठा थी। श्री वी० वी० गांधी ने पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी के माध्यम से या इस लोक सभा के माध्यम से वित्त के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह हम कभी नहीं भुला सकते। आज हम यहां पर इन अपने पांचों साथियों की दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वे उनकी आत्माओं को शान्ति प्रदान करें तथा हमें अपनी तथा अपने दल की ओर से··· (**व्यवधान**)··· उन के प्रति हार्दिक शोक प्रकट करता हूं।

SHRI RANGA (Srikakulam) : Mr. Speaker, I associate myself with the words and sentiments that have been expressed today by yourself, the Prime Minister and my friend and present colleague—past colleague also—Dr. Ram Subhag Singh.

All these friends whose passing away we mourn today have been *deshbhaktas*. I know only Shri Gandhi personally. He lived up to the traditions of this great nation. He was a quiet, softspoken man. He was a learned man too. He distinguished himself as the Chairman of the Public Accounts Committee, and whenever he took the opportunity to speak in this House, he made constructive contributions to our thoughts.

All the other friends also, as I have said, are *deshbhaktas*. I also join my friends and yourself in requesting the House to send our condolences to the bereaved families.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी:** अध्यक्ष महोदय, जब हम सत्र के लिये एकत्र होते हैं, काल का क्रूर हाथ हमारे बीच से कुछ साथियों को उठा लेता है और तब जीवन की निस्सारता और उस जीवन में चलने वाला संघर्ष बड़ा बेमानी सा दिखाई देता है। कल की बात है, महन्त दिग्विजय नाथ जी, श्री तामस्करजी हमारे साथी थे, इस संसद में कंधे से कंधा लगाकर हम काम करते थे और भारत के निर्माण में योगदान देते थे। आज केवल उनकी स्मृति बाकी है जिसके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हम एकत्र हुए हैं। महन्तजी हमारे स्वाधीनता संग्राम के सेनानियों में से थे। 1921 में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता स्वीकार की। उस समय कांग्रेस एक पार्टी नहीं थी, आजादी की लड़ाई का मोर्चा थी। उनका क्रान्तकारियों के साथ भी घनिष्ट सम्पर्क था। ऐतिहासिक चोराचोरी कांड में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। साईमन कमीशन का बहिष्कार करने के लिए उन पर विदेशी सरकार की कोप दृष्टि पड़ी थी। बाद में साम्प्रदायिकता और राष्ट्रीयता के प्रश्न पर उन्होंने कांग्रेस से नाता तोड़ा और हिन्दू महासभा में शामिल हुए और उसके अध्यक्ष बने। इस सदन में यद्यपि उनकी आवाज अकेली थी, अपने दल के वे एकमेव प्रतिनिधि थे लेकिन जो कुछ वे कहते थे, बड़ी दृढ़ता के साथ कहते थे। उनके विचारों में मतभेद हो सकता था मगर उनकी देशभक्ति, उनकी प्रामाणिकता और अपने विचारों के साथ तथा अपनी रोशनी के अनुसार देश की सेवा करने की उनकी जो एकांतिक भावना थी उसमे कोई भी मतभेद नहीं रख सकता था।

श्री तामस्कर जी प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में थे। बाद में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता स्वीकार की। स्वाधीनता की लड़ाई में उन्होंने योगदान दिया। स्वाधीनता के बाद मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य के रूप में तथा संसद के सदस्य के रूप में राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वाह करते रहे।

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

श्री गांधी बम्बई का प्रतिनिधित्व किया करते थे। इस सदन में वे जब तक रहे, उस मजदूर बहुल क्षेत्र से सदैव विजयी होकर आये। उन्होंने उस सीट पर किसी को आने नहीं दिया। सदन में वाद-विवादों में, चर्चाओं में वे अपना दृष्टिकोण गम्भीरता के साथ और रचनात्मक तरीके से प्रकट करते थे। लोक लेखा समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जो सेवायें कीं, वे सदैव स्मरणीय रहेंगी।

श्री घोष मेरे साथ लोक सभा के सदस्य थे। वे पश्चिमी बंगाल से निर्वाचित थे लेकिन सारे देश और राष्ट्र में उनकी रुचि थी।---विशेषकर मजदूर संघटनों में। आल इंडिया स्टेशन मास्टर्स असोसिएशन के उप सभापति के रूप में वे हरदम श्रमजीवियों के हितों के लिए लड़े और अन्याय का प्रतिकार करने के लिए सबसे आगे रहे।

श्री अष्ठाना तृतीय लोकसभा के सदस्य के रूप में हमारे साथ थे। ये सब लोग आज हमारे बीच में नहीं हैं। उनके प्रति मैं अपनी ओर से, अपने दल की ओर से और पब्लिक एकाउंट्स कमेटी के चेयरमैन के रूप में श्री घोष के प्रति जोकि पब्लिक एकाउंट्स कमेटी के चैयरमेन रहे थे, अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। सदन की नेत्री ने और विरोधी दल के नेता आचार्य रंगा ने जो कुछ कहा है मैं उसके साथ अपने को सम्बद्ध करता हूँ और आपसे अनुग्रह करूँगा कि हमारी भावनाओं को दिवंगत परिवारों तक पहुँचाने की कृपा करें।

SHRI MANOHARAN (Madras South) : On behalf of the DMK Party in Parliament I associate myself with the sentiments expressed by you and the leaders of other parties. Please convey our heart-felt condolences to the families of the departed friends :

SHRI H. N. MUKHERJEE : I associate my party with the feelings of condence which you and my other colleagues have already expressed in regard to the passing away of five of our colleagues of the Lok Sabha. I personally have a vivid recollection of at least three of the members whose loss we are mourning today.

Mahant Digvijay Nath had a personality which was remarkable from many points of view. Apart from his association with the freedom movement at an early stage, he had about him an old-world courtesy which we all appreciated.

Shri Subiman Ghose was a very distinguished leader of the Forward Bloc and had a large measure in the political life of West Bengal, and his passing away is a loss which can be hardly compensated.

Shri V. B. Gandhi I remember from the days of my membership of the First Lok Sabha, and I recall how capable a participant he was in parliamentary discussions, particularly when economic issues were on the agenda.

Shri Tamaskar and Shri Ashthana were also remarkable members who had distinguished themselves in their sphere of work on account of their life of sacrifice and dedication.

We are all sorry that these five colleagues of ours are no more with us. I request you to convey the condolences of the House and particularly of my party to the members of the bereaved family.

**श्री रवि राय** (पुरी) : अध्यक्ष महोदय, हमारी लोकसभा के पाँच बुजुर्ग सदस्यों के देहांत के ऊपर आपने तथा अन्य नेताओं ने जो भावनायें व्यक्त की हैं, मेरी पार्टी- संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी को मैं उसके साथ सम्मिलित करता हूँ। मैं चाहूँगा कि आप हमारी शोक भावना को उन परिवारों तक पहुंचा दें।

SHRI A. K. GOPALAN (Kasergod) : On behalf of our group, I associate myself with the sentiments expressed here by my colleagues and request you to send our condolences to the members of the bereaved families.

SHRI SURENDERANATH DWIVEDY (Kendrapara) : On behalf of my party, I associate myself with the feelings expressed about our departed colleagues. Among the five, I had personal and intimate relations with all excepting Shri Asthana. Shri Subiman Ghose was elected to this House in 1957 as a member of the Forward Bloc. Later

he joined our party, and last time unsuccessfully contested a seat for the Bengal Vidhan Sabha.

It is really a tragedy that when we meet in session on the first day we have to offer condolences to our departed colleagues. These friends of ours had a bright record of service to the nation and were great patriots. We all associate ourselves with the sentiments expressed here and hope that you will convey our condolences to the bereaved families.

SHRI N. C. CHATTERJEE (Burdwan): Mr. Speaker, on behalf of the Independent Parliamentary Group, I join you and the Prime Minister and my other friends in offering our condolences. The passing away of Shri Mahant Digvijai Nathjee is not only a loss to Gorakhpur and U. P. but is also a loss to the whole of India. He was born in Udaipur in the family of Ranas and at the age of 5 his uncle gave him to the Goraknath Trust which brought him up and made of him a great Mahant. He had been in the Congress and as my hon. friend said earlier, he joined the non-co-operation movement and made it a success. He joined other organizations too but ultimately came over to the Hindu Maha Sabha where I knew him very well. What he did was really remarkable. He was a great friend and devoted colleague of Vir Savarkar, Dr. Shyama Prasad Mookerjee and Dr. Moonje and other leaders. He was loved and respected by all.

Coming from Bengal, I must pay my tribute to him for what he did during the last days of the Bengal Famine when he went down to Bengal and helped the afflicted pepole. After that, the tragedy of Noakhali came and he helped the people there. He held the Hindu Maha Sabha Session at Gorakhpur where it was a great success. May his soul rest in peace.

I also offer my tribute to Mr. Subiman Ghose. He represented my constituency, Burdwan in this House. He came from Khandaghar and he was the undisputed leader of the Bar of Burdwan and he did a lot of work for the people there and I pay my tributes to him for the work he did there.

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड़) : अध्यक्ष महोदय, इस संसद के सदस्य माननीय श्री महन्त दिग्विजय नाथ नाथ सम्प्रदाय के सबसे बड़े महन्त थे लेकिन उनके गद्दी पर बैठते ही सक्रिय राजनीति में और शैक्षणिक गतिविधियों में उनका पूरा योगदान रहा। गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना में और गोरखपुर के महाराणा प्रताप कालिज की स्थापना में महन्त जी ने बहुत आगे बढ़कर अपना सहयोग दिया था। राजनीति से भी उनका सम्बन्ध बहुत पुराना था और संसद् अधिवेशनों में समय-समय पर वह अपने विचारों को प्रदर्शित करते रहे। उससे भी यह लगता था कि उनके मन में कुछ इच्छा थी और उन इच्छाओं को वह अपनी सदस्यता के माध्यम से इस देश में व्यक्त करना चाहते थे।

मैं महन्तजी को उनकी सेवाओं के लिए उनकी धार्मिक भावनाओं के लिए और उनकी शैक्षणिक सेवाओं के लिए अपनी ओर और अपने अन्य साथियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इसके साथ ही उन दिवंगत अन्य साथियों को भी जिनका इस देश के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान रहा है उन सबको भी अपनी ओर से तथा अपने तमाम सहयोगियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

**श्री यशवंतसिंह कुशवाह** (भिंड) : अध्यक्ष महोदय, महन्त दिग्विजय नाथ जी इस सदन के हमारे दल के सक्रिय सदस्य थे। उन्होंने देश भर में अपनी सेवाओं के द्वारा देशभक्ति के अनेक उदाहरण उपस्थित किये है। उनका सारा जीवन संघर्षपूर्ण रहा। वह मेवाड़ की देन थे लेकिन 4 वर्ष की अवस्था में जबकि वह उनके काका द्वारा गुरु गोरखनाथ मंदिर के लिए सौंप दिये गये उस समय से फिर वह मेवाड़ नहीं जा सके। इन दिनों जबकि उनकी अभी मृत्यु हुई उसके चन्द महीने पहले से महाराणा उदयपुर और मेवाड़ के जन प्रतिनिधि उनको उनकी जन्मभूमि में ले जाने की कोशिश कर रहे थे। उनके स्वागत की तैयारियाँ हो रही थीं

[ श्री यशवन्त सिंह कुशवाह ]

लेकिन वह वहाँ अपने जीवनकाल में उदयपुर नहीं पहुँच सके। यह उनकी इच्छा अपूर्ण रही लेकिन मेवाड़ की एक बड़ी सेवा उन्होंने गोरखपुर क्षेत्र में महाराणा प्रताप कालिज व महाराणा प्रताप के नाम से अनेक शिक्षण संस्थाएं कायम करके की। उनकी यह सेवा चिरस्मरणीय रहेगी।

महन्त जी का सारा जीवन देश के लिए उत्सर्ग था। वह प्रथम श्रेणी के देशभक्तों में माने जाते थे और उनकी सेवाएँ हमेशा याद की जायेंगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

श्री तामस्कर जी मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध वकील ही नहीं थे लेकिन वह मध्यप्रदेश विधान सभा में लीडर आफ दी अपोज़ीशन भी थे और उन्होंने जिस ढंग से शानदार काम किया था वह अपने में उस समय का एक इतिहास है।

अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के अन्य माननीय महानुभावों के विचारों का समर्थन करते हुए अपने दल की ओर से व स्वयं अपनी ओर से उन तमाम दिवंगत महानुभावों के लिए श्रद्धांजलि भेंट करता हूँ जिनका उल्लेख यहाँ किया गया है। मैं आप से प्रार्थना करता हूँ कि उनके परिवारों तक मेरी भावनाएँ पहुँचा देने की कृपा करें।

MR. SPEAKER : The House may stand for a short while in silence as a mark of respect to the departed Members.

*(The Members then stood in silence for a short while)*

---

## POINT OF ORDER

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE *rose*—

SHRI K. LAKKAPPA : What about the Question Hour, Sir? *(Interruption)* We want the Question Hour.

SHRI NAMBIAR : The Question Hour must come first. The Zero hour can be taken up after the Question Hour, not before the Question Hour. *(Interruption)*

MR. SPEAKER : He had a basic objection and he wanted to raise it before the Question Hour, and I allowed him.

SHRI NAMBIAR : I humbly submit that it is not the procedure; I have seen the procedure for the last 17 years.

SHRI K. LAKKAPPA : Under what procedure are you allowing him to speak ?

SHRI A. SREEDHARAN : This cannot be allowed.

SHRI K. LAKKAPPA : We want your ruling. Under what rule is it being done ? Under what rule has it been allowed ? We want to know under what rule he is being allowed to speak.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: It is a point of order.

SHRI K. LAKKAPPA: Where is the point of order now ? *(Interruption)*

MR. SPEAKER : Order, order. I have allowed him on a point of order.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : अध्यक्ष महोदय, इससे पहले कि आप प्रश्नों को लें मैं एक महत्वपूर्ण प्रश्न आपके निर्णय के लिए उपस्थित करना चाहता हूँ। इस सम्बन्ध में मैं आपको सूचना दे चुका हूँ।

अध्यक्ष महोदय, आज का दिन एक बड़ा ऐतिहासिक दिन है ··· **(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी इजाज़त से बोल रहा हूं और मैं आशा करता हूं··· **(व्यवधान)**

जो सदस्य मुझे बोलने नहीं दे रहे हैं वह आपकी अवज्ञा कर रहे हैं। मैं आपकी इजाज़त से बोल रहा हूं··· **(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ा अफसोस है कि मेरे मित्र मुझे सुने बिना ही इस बात का विरोध कर रहे हैं कि मुझे बोलना नहीं चाहिए। जब आपने मुझे इजाजत दी है तो जरूर आपने इस बात को स्वीकार किया है कि मैं जो कुछ यहाँ सुझाव उपस्थित कर रहा हूं वह महत्वपूर्ण है